तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



12 भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि ...



10 स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटा ...






## खबर संक्षेप

### करहीभदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध

**बालोद।** बालोद विकासखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहीभदर में स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहीभदर के प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहीभदर में एंटी रेबीज वैक्सीन पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं और उपचार का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य हित को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक दवाइयों और टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### चंदखुरी में पीएचई की लापरवाही से सड़क पर दो फीट गहरा गड्ढा, हादसे का खतरा



**अण्डा।** दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग पर ग्राम चंदखुरी के केनाल पारा में पीएचई विभाग की लापरवाही से सड़क पर करीब दो फीट गहरा गड्ढा बन गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए डामरीकृत सड़क खोदने के बाद विभाग ने केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया। लगातार बारिश से सड़क धंस गई और अब यह गड्ढा वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में गड्ढा दिखाई देता है, लेकिन रात में और बारिश के दौरान पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे, किसान और मजदूर आवागमन करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्राम पंचायत चंदखुरी की सरपंच कविता ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में पीएचई विभाग को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता नगीना बाई साहू, चंदू साहू, मोतीलाल साहू, किशन विश्वकर्मा, वासु, गजेंद्र देवांगन और जागृत चंद्राकर सहित ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### नशीली दवाओं के साथ 3 पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशे की दवा बरामद किया गया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि छावनी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि पावर हाउस परिसर में कुछ युवक प्रतिबंधित नशीली दवाई को बेचने की जानकारी मिली। टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पक़ड़ा गया।

# मूसलाधार बारिश से स्कूल जलमग्न, जर्जर सड़क ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

**स्कूल पहुंचने के लिए पानी से गुजरने को मजबूर छात्र**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

■ स्कूल परिसर में भरा पानी, छात्रों को आवागमन में दिक्कत; केवटनवागांव फरदफोड़ मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग

लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने डौण्डीलोहारा विकासखंड के केवटनवागांव सहित आसपास के गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। केवटनवागांव स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने और पढ़ाई करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं केवटनवागांव–फरदफोड़ मार्ग की बदहाल स्थिति ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण स्कूल परिसर में पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे भरे हुए पानी के बीच ही बर्तन धोने को मजबूर हैं। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्कूल मैदान तालाब का रूप ले चुका है। शौचालय तक पहुंचना भी विद्यार्थियों के लिए चुनौती बन गया है। इधर, केवटनवागांव से झिटिया तक का सड़क मार्ग भी बदहाल स्थिति में है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से गोडमर्रा, झिटिया, फरदफोड़, किसना, रानीतराई, सिंगारपुर, बीजाभाठा सहित आठ से अधिक गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क पर बड़े-बड़े ▶▶| शेष पेज 10 पर

### वार्ड 5 की पुसई साहू और वार्ड 13 की अनिता सोनवानी ने थामा भाजपा का दामन

# दल्लीराजहरा कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, दो निर्वाचित पार्षद भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



■ कांग्रेस ने कहा- संगठन एकजुट

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा की राजनीति में कांग्रेस को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। कांग्रेस की दो निर्वाचित पार्षदों ने पार्टी का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वार्ड क्रमांक 05 की पार्षद पुसई साहू तथा वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद अनिता सोनवानी ने भाजपा की रीति-नीति, विकास आधारित कार्यशैली तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। दोनों पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से नगर की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और इसे कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू के नेतृत्व में आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में दोनों पार्षदों का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी संध्या परघनिया, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, राकेश यादव, मंडल प्रभारी मनीष झा तथा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं, पारदर्शी शासन और विकास कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। उनका कहना था कि कांग्रेस अब जनाधार खोती जा रही है और वह केवल परिवारवाद तक सीमित होकर रह गई है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस के कई अन्य जनप्रतिनिधि भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। इसी विश्वास के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भाजपा की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। नेताओं ने दोनों पार्षदों के भाजपा परिवार में शामिल होने को नगर संगठन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे नगर में विकास कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, जनसेवा और विकास की विचारधारा पर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पार्षद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगी तथा नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। नगर की राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को आगामी समय के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि कांग्रेस अपने संगठन और जनप्रतिनिधियों को एकजुट रखने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गईं आमजन की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आवास, श्रम कार्ड, ऋण पुस्तिका, सड़क और शौचालय सहित विभिन्न मांगों पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी के लेखचंद ने श्रम कार्ड में सुधार करने, भेंडी के गीता बाई ने ऋण पुस्तिका में सुधार करने, माहुद के सुरजोतिन बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह साल्हे के किशनबिंदा बाई ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने, बोरिद के श्री गोकुल राम ने बैटरी चलित स्प्रेयर दिलाने, ग्राम भैंसबोड़ के योगिता ने शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह बेलोदा के सरपंच ने डोमशेड के निर्माण एवं ग्राम सोरली के सरपंच ने सड़क का सीमेंटीकरण ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अवैध शराब बिक्री के विरोध में मजदूर नेता संजय सिंह आमरण अनशन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा



■ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन शुरू

नगर में लंबे समय से जारी अवैध शराब कारोबार के खिलाफ विरोध अब आंदोलन का रूप ले चुका है। विभिन्न वार्डों में खुलेआम हो रही कथित अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता के विरोध में मज़दूर नेता संजय सिंह सोमवार से आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उनका अनशन समाप्त नहीं होगा।

संजय सिंह का आरोप है कि नगर के कई वार्डों और मोहल्लों में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कारोबार के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर सामाजिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। चोरी, मारपीट, छीना झपटी घरेलू विवाद और अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि का एक बड़ा कारण अवैध शराब का बढ़ता जाल है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस संबंध में राजहरा पुलिस और आबकारी विभाग को कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होना गंभीर सवाल खड़े करता है और इससे लोगों के बीच यह धारणा बन रही है कि अवैध कारोबारियों को संरक्षण प्राप्त है। आमरण अनशन शुरू होने से पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने संजय सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें गुलाल लगाया और माला पहनाकर आंदोलन का समर्थन जताया। इसके बाद संजय सिंह अनशन स्थल पर बैठ गए।

संजय सिंह कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि नगर के युवाओं और समाज के भविष्य को बचाने के लिए है। यदि प्रशासन ने जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और व्यापक होगा। अवैध शराब के खिलाफ यह लड़ाई अंतिम निर्णय तक जारी रहेगी।

रतिराम कोसमा, अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा ने कहा कि नगर में अवैध शराब का कारोबार गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। यदि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है तो यह प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

# फंदे पर लटका मिला अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

■ 112 की टीम ने अस्पताल पहुंचाकर बचाने का किया प्रयास, जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

अधेड़ के फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही पहुंची 112 ने व्यक्ति को बचाने का प्रयास करते हुए अस्पताल में भर्ती कर ईलाज का प्रयास किया। लेकिन इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार शाम तकरीबन शाम 6.20 बजे अंडा की 112 टीम को अधेड़ व्यक्ति के फांसी लगाने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बाद पुलिस अटल नगर भाटापारा निकुम में सड़क किनारे बसे यादव परिवार के घर पहुंचते ही खिड़की में कपड़े से फंदे से लटके अधेड़ 47 वर्षीय संतराम यदु को पुलिस ने संभावित अचेत अवस्था में देखते ही आनन फानन में सीएचसी निकुम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मेडिकल ऑफिसर नहीं होने से दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया, जहां ▶▶| शेष पेज 10 पर






### 'संगठन सर्वोपरि', कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का किया आह्वानः प्रदेश संगठन महामंत्री

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बूथ सशक्तीकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, जुंगेरा बालोद मे छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, विभिन्न मोचोंर् एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पवन साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित बूथ कार्यकर्ता है। बूथ ही संगठन की मूल इकाई है और प्रत्येक कार्यकर्ता का प्रथम दायित्व अपने बूथ को सशक्त, सक्रिय एवं आदर्श बनाना है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की विजय का मजबूत आधार है।

उन्होंने आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन के प्रत्येक दायित्वधारी से संवाद किया तथा संगठनात्मक विषयों पर उनके सुझाव एवं अनुभव भी प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारियों, मोचोंर्, प्रकोष्ठों एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करता है। संगठन में एक दिशा, एक लक्ष्य और सामूहिक कार्यशैली ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि "संगठन सर्वोपरि है।" व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर सभी को एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां एकता होती है, वहीं सफलता सुनिश्चित होती है। हमारी सोच व्यापक होनी चाहिए तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को कमजोर एवं पिछड़े साथियों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

पवन साय ने जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार और संगठन दोनों एक–दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सशक्त संवाद एवं समन्वय से जनता के हितों की प्रभावी पूर्ति संभव है। उन्होंने प्रवास योजना को संगठन का प्राणतंत्र बताते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को प्रवास का दायित्व मिला है, वे इसे पूरी गंभीरता एवं निष्ठा से निभाएं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### द्रोण को शा. अभिभाषक का अतिरिक्त प्रभार

**दुर्ग।** शासकीय अभिभाषकय/लोक अभियोजक मेघेश्वर दिल्लीवार दुर्ग की आयु 62 वर्ष होने के कारण वे सेवामुक्त हो गए हैं। उनकी जगह शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक की नियुक्ति होने तक विशेष लोक अभियोजक द्रोण कुमार ताम्रकार को अपने कार्य के साथ शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक दुर्ग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें उपरोक्त अतिरिक्त कार्य हेतु पैरवी शुल्क नियमानुसार देय होगी, किन्तु रिटेनर फीस उन्हें उनके मूल पद विशेष लोक अभियोजक का ही देय होगा। द्रोण कुमार ताम्रकार की नियुक्ति पर लोक अभियोजकों और जिले के अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। उनका सम्मान भी किया गया।

### हर्ष हिंद बने यादव मित्र कल्याण संघ के अध्यक्ष



**दुर्ग।** सर्व यादव समाज द्वारा संचालित यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश यादव ने पारिवारिक कारणों से पद छोड़ दिया है। उनकी जगह हर्ष हिन्द यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई। यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, रामानंद यादव, गोवर्धन यादव, राकेश यादव, बृजेश कुमार यादव, उमराव यादव, शिबू यादव, कमलेश यादव, भागवत यादव ने उन्हें बधाई दी है। गहिरा गुरु ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 40 लाख यादवों निवासरत हैं। बैठक में करुणा यादव, वर्षा रितु यादव, त्रिवेणी यादव, दीपाली यादव, मीना यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### विनोद बने बसपा के अध्यक्ष



**भिलाई।** प्रदेश अध्यक्ष बसपा श्याम टंडन और प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में विनोद वासनिक को बहुजन समाज पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अशोक लोखंडे, विजय प्रताप कश्यप, अमित गेंडे, मुकेश महिलांगे, भाग चन्द पटेल, संतोष बंजारे, हीरालाल टंडन, नागेश्वर कोसले, दिलीप साहू, देवधर चन्द्राकर सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने नियुक्ति पर बधाई दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**दुर्ग।** जिला भाजपा संगठन अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा हाउसिंग बोर्ड स्थित बूथ 183 वार्ड 21 कैलाश नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 138वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी ने की। इस अवसर पर प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, जिला सह संयोजक रामानुज प्रसाद, प्रेमचंद गिरी, अजय उपाध्याय, मातृशक्ति श्रीमती मीना गिरी, शिव यादव, अर्जुन साहू, अरविंद पांडे, मनीष सिंह, धर्मेंद्र पांडे, रंजीत सोनी, अविनाश कुमार धीरज, दीपक सिंह,संजय शर्मा,उत्तम साहू,चंदन शर्मा, के. संजू तथा मातृशक्ति श्रीमती पुनीत बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयोजन : आंगनबाड़ी से पौधे लेकर हितग्राही महिलाएं करेंगी पौधारोपण

# जिले में महतारी वंदन योजना की 2.45 लाख हितग्राही महिलाएं करेंगी पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के फलस्वरूप बालोद जिले में 30 जुलाई को महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के अवसर पर एक साथ वृहद पौधारोपण अभियान का नया कीर्तिमान जुड़ने वाला है।

■ महतारी वंदन की लाभार्थी महिलाओं ने संभाली हरियाली की जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन' कार्यक्रम के अंतर्गत



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के दौरान जिले में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के 02 लाख 45 हजार हितग्राहियों के अलावा अन्य सभी महिलाएं एवं समाज के



सभी वर्गों के द्वारा एक साथ वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार 30 जुलाई को सुबह 11 बजे आयोजित इस वृहद पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को निःशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों से पौधे प्राप्त करने के पश्चात महतारी वंदन योजना से लाभान्वित एवं अन्य सभी महिलाओं द्वारा भी अपने घरों, बाड़ियों, खेत–खलिहानों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर गड्ढों की खुदाई एवं अन्य सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने सभी जिले वासियों से अपने घरों एवं बाड़ियों, खेत–खलिहानों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर अनिवार्य रूप से पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। छत्तीसगढ़ राज्य एथेलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया ने संपूर्ण जिले वासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कैच र रैन अभियान के अंतर्गत जल संचयन के लक्ष्य में वृद्धि करने अनिवार्य रूप से पौधारोपण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपने अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है।

जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में बालोद जिला प्रशासन



की इस वृहद पौधारोपण की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा अन्य सभी महिलाओं एवं सभी जिले वासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप जल शक्ति अभियान के अंतर्गत पौधारोपण को बढ़ावा देकर जल संचयन के लक्ष्य में वृद्धि करने हेतु अनिवार्य रूप से पौधारोपण करने की अपील की है।

महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी निवासी फेकन बाई एवं कला बाई ने बालोद जिला प्रशासन द्वारा महतारी वंदन पौधारोपण अभियान की शुरूआत को उनके जैसे महतारी वंदन योजना से लाभान्वित पूरे प्रदेश के अनेक हितग्राहियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण बताया। ग्राम झलमला के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राही दीपा बाई ने भी की है। उन्होंने कहा कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के माध्यम से इस योजना से लाभान्वित हम महिलाओं को



पौधारोपण करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे हम सभी महिलाएं अत्यंत गौरवान्वित एवं सम्मानित महसूस कर रहे हैं। ग्राम झलमला निवासी पूर्णिमा साहू ने भी जिला प्रशासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के नाम को शामिल करने पर प्रसन्ता व्यक्त की।

### महतारी वंदन पौधारोपण अभियान में मिलेगा फोटोयुक्त प्रमाण पत्र

**बालोद।** बालोद जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गुरूवार 30 जुलाई को महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के अवसर पर पौधारोपण के इस महाअभियान को चिरस्मरणीय बनाए रखने हेतु इस अवसर पर पौधारोपण करने वाले लोगों को फोटोयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत गुरूवार 30 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान पौधरोपण करने के पश्चात रोपे गए पौधे के साथ फोटो या सेल्फी लेकर लिंक डब्लूसीडीबालोद पर अपलोड करने पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें फोटोयुक्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। जिससे कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले में शुरू किए गए इस महाअभियान में उनका योगदान चिरस्मरणीय बना रहे। उल्लेखीनय है कि 30 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान अंतर्गत पौधरोपण करने के पश्चात आप अपनी फोटो लेकर वेबसाईट डब्लूसीडीबालोद पर जाकर अपना नाम दर्ज करेंगे। जिसके पश्चात ब्लॉक का चयन कर अपना ग्राम चयन करेंगे। इसके पश्चात अपनी फोटो अपलोड कर 'प्रमाण पत्र बनाए' पर चयन करते ही अपना फोटोयुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।



## शक्ति केंद्र बड़गांव में हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अंतर्गत शक्ति केंद्र बड़गांव का मासिक बैठक जैन भवन बड़गांव में संपन्न हुआ। बड़गांव शक्ति केंद्र अंतर्गत बुथ बड़गांव, डारागांव, देवरी,व पारी के बुथ अध्यक्ष सचिव बीएलए 2 एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में उपस्थित जनपद सदस्य डोमेंद्र राजपूत ने बैठक में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जनपद सदस्य होने के नाते धन्यवाद दिया और शासन के योजनाओं की जानकारी दी एवं क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। शक्ति केंद्र प्रभारी प्रीतम साहू ने उपस्थित सभी बुथ अध्यक्षों, सचिवों तथा बीएलए 2 एवं बुथ कमेटी के सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन पौधारोपण कार्यक्रम के तहत सभी महतारी से एक पेड़ मां के नाम पौधा अपने खेत, बाड़ी, आंगन में लगाने का आग्रह किया।

बुथ अध्यक्ष सुरेश साहू ने बैठक में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद एवं आभार किया तथा समापन की घोषणा किया। बैठक में डोमेंद्र राजपूत ,प्रीतम साहू, देवदयाल देशमुख,पूर्णिमा प्रजापति ,कविता चतुर्वेदी, सुमन गर्ग,सुरेश साहू ,रतन भोंसले , विक्रम साहू, भागवत साहू,विनोद देशमुख, कृष्णा पटेल, चैन सिंह साहू, भूपेंद्र कुमार, अनिल कुमार महेंद्र कुमार निर्मलकर ,शांति बाई, बिमला बाई, शाम बाई ,चंचल टेंमरे, गैंद बाई कोटेंद्र, गायत्री, ख्याति, टेमिन आर्य, राखी गुप्ता, हेमलता साहू, खेमीन बढ़ई, प्रेरणा वैरागडे,प्रतिज्ञा, थानेश्वरी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नगर निगम दुर्ग के नामांकित 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले दिनों शासन द्वारा नामांकित नगर निगम दुर्ग के 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को शाम 5 बजे मोतीलाल वोरा सभागार नगर निगम दुर्ग में आयोजित है। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके अलावा सांसद विजय बघेल, महापौर अल्का बाघमार, सभापति राजेश शर्मा सहित सभी पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बता दें कि शासन ने पिछले दिनों दुर्ग जिले के 7 निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी किया था। लंबे समय से अटकी इस प्रक्रिया के पूरे होने का इंतजार था। आगामी दिनों में निकाय चुनाव होने हैं। इसमें रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा और जामुल निकाय में वार्ड चुनाव होने हैं। इस बीच एल्डरमैन की नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है।

## भाजपा मंडल के उरेटा शक्ति केंद्र मासिक हुई बैठक






**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश, जिला, मंडल व शक्ति केंद्र से लेकर बुथ तक की बैठक प्रत्येक माह में करने का निर्णय लिया गया है।

इसी तारतम्य में भाजपा मंडल रेंगाडबरी के उरेटा शक्ति केंद्र की आवश्यक मासिक बैठक का आयोजन मंडल उपाध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी उमेश मंडावी के द्वारा किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने बुथ अध्यक्ष व उनके पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने का अव्हान करते हुए कहा कि, पार्टी द्वारा निर्धारित यह कार्य ईश्वरी कार्य है। इस अवसर पर डौंडी लोहारा के मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, बिसेसर सेन,अश्वनी कुमार राणा, टुमनलाल कुंजाम,पूरन लाल साहू, टिकेश्वर, कुसलेश भंडारी, ज्ञान सिंह, श्रवन कुमार भूयार्य, शंकर साहू, अमरु राम, बेलाराम भूयार्य, सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

■ मन की बात भी पदाधिकारियों द्वारा श्रवण किया गया

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटा प्रशासन, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का बालोद जिले में भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं।

■ 15 अगस्त का आयोजन गरिमामय ढंग से करने, 30 जुलाई के पौधारोपण अभियान को सफल बनाने पर जोर

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड एवं अन्य सभी स्थानों पर कार्यक्रम के गरिमा के अनुरूप बेहतर कार्यक्रम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने जिले में गुरूवार 30 जुलाई को आयोजित होने वाली वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को समाज के सभी वगोंर् की सहभागिता सुनिश्चित कर इस अभियान को सफल बनाने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन से जुड़े तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को उनके विभाग से जुड़े दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने–अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण के पश्चात जिला मुख्यालय बालोद में सुबह 09 बजे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की भी समीक्षा की। उन्होंने आयोजन के दौरान संस्—ति और देशभक्तिपूर्ण, सभ्य, शालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारी–कर्मचारियों का चयन कर उन्हें सम्मानित करने को कहा। बैठक में मिश्रा ने जिले के विभिन्न विभागों को सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के शत प्रतिशत निराकरण किए जाने पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। बैठक में उन्होंने जिले में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का विशेष प्राथमिकता के साथ तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## प्रदेश संगठन महामंत्री पवन ने ली बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन सशक्तीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा वैशाली नगर विधानसभा के जुनवानी स्थित शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज में बूथ कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पवन साय ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित बूथ कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान तेज करने, नए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## साइबर हाईजीन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग समय की मांग

**दुर्ग।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष निगरानीकर्ता कन्हैया त्रिपाठी ने कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावास का अवलोकन किया। साथ ही व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय में मानवाधिकार सेल गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को संस्थागत रूप से बढ़ावा देने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। मानवाधिकार जागरुकता एवं संवाद कार्यक्रम में त्रिपाठी ने कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव, अधिष्ठाताओं, निदेशकों तथा एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की।

## पेज 9 के शेष

### मूसलाधार बारिश ...

गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्राम झिटिया के समीप नाले पर बनी पुलिया भी अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिससे चारपहिया वाहनों और बसों के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी, लेकिन अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। लगातार उपेक्षा के कारण सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने नप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से स्कूल परिसर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने, जर्जर सड़क का शीघ्र निर्माण कराने तथा पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के दिनों में छात्रों और ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

### दल्लीराजहरा कांग्रेस को ...

में सफल नहीं हुई तो आने वाले दिनों में उसे और राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। रतिराम कोसमा, विधायक प्रतिनिधि तथा दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष (कांग्रेस) ने कहा कि दो पार्षदों के भाजपा में जाने से कांग्रेस की विचारधारा कमजोर नहीं होती। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। कांग्रेस संगठन पूरी तरह एकजुट है और नगर में जनता के बीच पहले की तरह सक्रिय रहेगा। यदि किसी ने पार्टी छोड़ी है तो संगठन उसकी समीक्षा करेगा, लेकिन कांग्रेस की ताकत उसके कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास से है। सौरभ लुनिया, जिला महामंत्री कहते हैं कि भाजपा की विकासवादी सोच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व से प्रभावित होकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। यह जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है और आने वाले समय में भाजपा का संगठन और अधिक मजबूत होगा। रामेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष (भाजपा) ने कहा कि दोनों पार्षदों का भाजपा परिवार में स्वागत है। संगठन सभी कार्यकर्ताओं को समान अवसर देता है। उनका अनुभव नगर के विकास और जनसेवा के कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगा।

### कलेक्टर जनदर्शन ...

कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### भाजपा की संगठनात्मक ....

व्यक्तिगत संपर्क, बूथों की मैपिंग, शक्ति केंद्रों का सु–ढ़ीकरण तथा प्रभावशाली कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्व सौंपना समय की आवश्यकता है। प्रत्येक शक्ति केंद्र की संरचना मजबूत एवं सक्रिय होनी चाहिए, जिससे संगठन का विस्तार अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य केवल चुनाव तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का दीर्घकालीन अभियान है। भारतीय जनता पार्टी एक जनआंदोलन आधारित राजनीतिक संगठन है, जिसका उद्देश्य भारत को विश्व पटल पर आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता अपने पुरुषार्थ, सेवा भावना एवं समर्पण से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। बैठक में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला प्रभारी संध्या परगनिया, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, बिलासपुर संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला महामंत्री राकेश (छोटू) यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया सहित जिले के समस्त जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### फंदे पर लटका मिला ...

उस अधेड़ संत राम यदु को मृत घोषित किया गया। जहां व्यक्ति के शव का पीएम होने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। वही अंडा पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस जांच के बाद ही व्यक्ति द्वारा उठाए गए कदम का कारण का पता लग पाएगा।

### अवैध शराब बिक्री के विरोध ...

जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। प्रशासन को तत्काल निष्पक्ष कार्रवाई कर स्थिति नियंत्रित करनी चाहिए। अभय सिंह, केंद्रीय अध्यक्ष, मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन ने कहा कि मजदूर बस्तियों और वार्डों में अवैध शराब की उपलब्धता परिवारों को प्रभावित कर रही है। समाजहित में इस कारोबार पर सख्ती से रोक लगाना आवश्यक है। प्रशासन को बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करनी चाहिए। राजहरा थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री संबंधी शिकायतों की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। यदि आंदोलनकारियों के पास किसी विशेष स्थान या व्यक्ति से जुड़ी जानकारी है तो उसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अवैध गतिविधि को संरक्षण देने का प्रश्न ही नहीं उठता। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध विभाग लगातार अभियान चलाता है। यदि किसी क्षेत्र में अवैध बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कर दोषियों के भियान आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग को प्राप्त शिकायतों का परीक्षण किया जाएगा। आंदोलन के दौरान मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष अभय सिंह, केंद्रीय पदाधिकारी भूपेंद्र दिल्लीवार, इंटक दल्ली राजहरा अध्यक्ष तिलक मानकर, राजू विनायक, रामजीत, प्रदीप साहू, राघवेंद्र ठाकुर, आत्माराम, मोनू, रंजन, सुशील, सुखचैन सिंह, गौरीशंकर सिंह, शेष भुआर्य, यात्री कुमार, अमन, शोभा चौकसे, लक्ष्मी, मीना विश्वकर्मा, संध्या सहित बड़ी संख्या में मजदूर नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## समीक्षा : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही सुधरेगा बोर्ड परीक्षा परिणाम: डीईओ

# मिशन 80-95 के तहत कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की समीक्षा, डीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मिशन 80–95' 2026 के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कचांदुर में अलग–अलग पालियों में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में बालोद, गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के स्कूलों में बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 10वीं में 65 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 77 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो तथा कम परीक्षा परिणाम वाले विषय शिक्षक शामिल हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी बालोद ने समीक्षा बैठक में 10वीं एवं 12वीं की पाठ्यक्रम योजनाएं, प्राचार्यो द्वारा अवलोकित कक्षाओं के नोट्स एवं प्रदाय मार्गदर्शन का विवरण, शाला में आयोजित समीक्षा बैठकों का विवरण, कक्षा 9वीं, 11वीं के रेड जोन, ऑरेंज जोन विद्यार्थियों की प्रगति, माह जुलाई में 10वीं 12वीं का पूर्ण पाठ्यक्रम का इकाईवार विवरण तथा मासिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में बिंदुवार आवश्यक परिचर्चा की गई। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए वार्षिक कार्य योजना, मासिक कार्य योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन, पाठयक्रम–पाठ्य योजना का निर्माण, परिशिष्ट 1,2,3,4 के विभिन्न पैरामीटर पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि परिशिष्ट 02 में प्राचार्य द्वारा शिक्षकों का मॉनिटरिंग तथा प्रति दिवस न्यूनतम 02 कालखंडों का अवलोकन व सुधारात्मक सुझाव व परिशिष्ट 2 के आधार पर ही समस्त शिक्षकों का सीआर लिखा जाएगा। परिशिष्ट 03 में कुल 10 पैरामीटर हैं जिसमें कुल 100 अंक निर्धारित हैं। परिशिष्ट 03 के आधार पर जिला स्तरीय मानीटरिंग टीम द्वारा का मानिटरिंग किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक मासिक मूल्यांकन के पश्चात अनिवार्य रूप से पालक टीचर मीटिंग का आयोजन किया जाना है। परिशिष्ट 04 के तहत प्राचार्यो का ग्रेडिंग किया जाएगा, जिसमें ए, बी, सी तथा डी तथा चार ग्रेड तय किया गया है। जिसमें ग्रेड ए 80 से 100, बी 79 से 60, सी 59 से 50 तथा ग्रेड डी 50 से कम अंक है। लगातार 02 माह तक सी या डी ग्रेड में आता है तो संबंधित प्राचार्यो के लिए जिला मानिटरिंग टीम द्वारा 20 से 50 योजना तैयार कर राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भो। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त गतिविधियों व कार्यवाही को अनिवार्य रूप से पंजियों में संधारित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पियर लर्निंग, शिक्षक संप्रेषण कौशल पर बल देते हुए नवाचार गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही पिछले वर्ष 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में कमजोर परीक्षा परिणाम वाले विषय शिक्षकों को अनिवार्यतः कारण बताओ नोटिश जारी करने तथा जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। समीक्षा बैठक में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना समन्वयक आर आर क्रिदत्त एवं सहायक परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं परीक्षा विभाग के प्रभारीगण उपस्थित थे।

**बेहतर बोर्ड परिणाम के लिए तैयार होगी कार्ययोजना**



## आज जीएसटी के नए नियमों पर होगा बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

व्यापारियों को जीएसटी के नवीनतम प्रावधानों, रिटर्न फाइलिंग, कर अनुपालन और बदलते नियमों की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 जुलाई को दल्लीराजहरा में एक विशेष जीएसटी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, दल्लीराजहरा इकाई, अनाज किराना व्यापारी संघ एवं राजहरा व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूज्य सिंधु भवन में सुबह 11:30 बजे आयोजित होगा।

■ व्यापारियों को मिलेगी विशेषज्ञों से जानकारी

सेमिनार में जीएसटी विभाग के अधिकारी एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट चेतन तारवानी व्यापारियों को जीएसटी के नए नियमों, रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया, कर संबंधी सावधानियों तथा व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी देंगे। आयोजन का उद्देश्य व्यापारियों को समय-समय पर होने वाले कानूनी बदलावों से अवगत कराकर उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की कर संबंधी परेशानी से बचाना है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, दल्लीराजहरा इकाई के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने कहा कि वर्तमान समय में जीएसटी कानूनों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी के लिए इन परिवर्तनों की सही जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार केवल जानकारी देने का मंच नहीं, बल्कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का भी अवसर होगा। सभी व्यापारी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विशेषज्ञों से सीधे संवाद करें और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त करें।

## शैलदेवी महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कारगिल युद्ध में भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की स्मृति और भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य व अदम्य साहस को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्या, और संकाय सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए भावपूर्ण देशभक्ति गीत, भाषण और कविता पाठ साथ मे कई विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के इतिहास, कैप्टन विक्रम बत्रा, मनोज कुमार पांडे जैसे शूरवीरों के बलिदान और 'ऑपरेशन विजय' की सफलता पर अपने विचार रखे। प्राचार्य नेअपने संबोधन में विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के त्याग, समर्पण और अटूट राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। आज की युवा पीढ़ी को इन वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर देश के विकास और सुरक्षा में अपना योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम के अंतिम चरण में समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में, दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 'भारत माता की जय' तथा 'जय हिंद' के बुलंद नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### खबर संक्षेप



### कुथरेल स्कूल की 41 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

**अण्डा।** शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुथरेल में कक्षा 9वीं की 41 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति की अध्यक्ष एवं सरपंच गीता गजपाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुम्मन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि, समिति सदस्य ब्रह्मानंद चंद्राकर, हेमेंद्र साहू, सरस्वती गजपाल, विद्यालय के प्राचार्य एस.के. गौतम, व्याख्याता वी.के. वर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने का संदेश दिया।

### श्रावण के प्रथम सोमवार पर पीपरछेड़ी में किया पौधारोपण



**बालोद।** श्रावण माह के प्रथम सोमवार को पीपरछेड़ी में शीतला माता मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अनेक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। ग्रामीणो ने संकल्प लिया कि पौधारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प लेना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने सभी सदस्यों को हरित ग्राम बनाने का संकल्प दिलाया। पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम को हरियाली की ओर अग्रेषित करने और गर्मियों के दिनों में छाया प्रदान करने के लिए पौधे रोपित किए गए हैं। इस अवसर पर ढालेन्द्र कुमार साहू, नवीन भूआर्य, सूर्यकांत ठाकुर, गीतेश कुंजाम, पवन ठाकुर, गोपेन्द्र ठाकुर एवं बसीत साहू, डामन ठाकुर, गुलाब भूआर्य सहित ग्राम नागरिक उपस्थित थे।

### बाल कैबिनेट का गठन छात्र-छात्राओं ने ली शपथ



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा, संकुल अंडा, विकासखंड दुर्ग में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल कैबिनेट का गठन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक सुरेंद्र कुमार सेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। निर्वाचन के बाद चंचल साहू (कक्षा 8) को बाल प्रधानमंत्री, सृष्टि जोशी (कक्षा 7) को शिक्षा मंत्री, मोक्षिता (कक्षा 6) को स्वच्छता मंत्री, भाविका साहू (कक्षा 8) को खाद्य मंत्री, दिशा ढीमर (कक्षा 7) को पुस्तकालय मंत्री, जितेंद्र यादव (कक्षा 7) को खेल मंत्री, चमन निर्मलकर (कक्षा 8) को अनुशासन मंत्री तथा भूमि निर्मलकर (कक्षा 8) को छात्रा प्रतिनिधि चुना गया। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव सहित शिक्षक सुरेंद्र कुमार सेन, नीलिमा वर्मा, अनुरमा शुक्ला, भीमेश्वरी चंद्राकर एवं तामेश्वर राम साहू ने सभी नव-निर्वाचित बाल मंत्रियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें पदनाम के बैज प्रदान किए। कार्यक्रम में तामेश्वर राम साहू ने सभी बाल मंत्रियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। अंत में शाला परिवार की ओर से सभी निर्वाचित बाल मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे विद्यालय के अनुशासन, स्वच्छता एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।



## बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारियों का मनोनयन

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में विद्यायलीन गतिविधियों एवं विद्या भारती के विविध आयामों के सफल संचालन के लिए प्रधानाचार्य फलदेव साहू के मार्गदर्शन में बाल भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों का मनोनयन किया गया।

जिसमे अध्यक्ष रेशमा निषाद, उपाध्यक दिशांत साहू, मंत्री सूर्यभान पटेल, उपमंत्री वरुण साहू, सेनापति भावना टंडन, उपसेनापति दीपांशु साहू, विभाग प्रमुख प्रार्थना, शारीरिक मीनाक्षी पटेल, स्वच्छता तीरथ पटेल, चिकित्सा वर्षा साहू, वेदिका साहू, अनुशासन हिमांशी ठाकुर, बागवानी तुषार साहू, पेयजल भूमिका पटेल, खोयापाया नोयांश, सांस्कृतिक रंग मंच हिमांशी, भावेंद्र, पुस्तकालय रेणुका नेताम, अतिथि स्वागत सुष्मिता बाण्डे एवं भोजन नव्या साहू, विसर्जन प्रमुख हिमांशी साहू, ईशांत साहू एवं नेहा ठाकुर को दायित्व प्रदान किया गया है।

पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभाग के प्रमुखों को वरिष्ठ आचार्य सुखित राम कलिहारी बौद्धिक प्रमुख द्वारा शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फ़लदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखित राम कलिहारी, आचार्य गण कामता प्रसाद साहू, दीदी रेणुका सिन्हा, रंजना सिंहा, छबीलता पटेल, लिलेश्वरी साहू, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन, बीना साहू एवं विद्यायल के भैय्या–बहिन उपस्थित थे।

## चिल्हाटीकला स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमन लाल धनेन्द्र के निर्देशन में नामांकन प्रक्रिया पूरी कराई गई।

सभी पदों पर केवल एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण मिडिल एवं प्राथमिक शाला के लिए गठित बाल कैबिनेट के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। पूर्व माध्यमिक शाला के लिए विवेक को शाला नायक (प्रधानमंत्री), दुर्गेश्वरी को उप शाला नायक, ऋषभ कुमार रात्रे को कक्षा नायक (मुख्यमंत्री) तथा कृति को उप कक्षा नायक सहित विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को खेल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, अनुशासन,

■ निर्विरोध चुने गए छात्र–छात्राओं ने ली शपथ

पुस्तकालय और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसी प्रकार प्राथमिक शाला में नमन कुमार गोरे को शाला नायक (प्रधानमंत्री) तथा मेघा को उप शाला नायक चुना गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को कक्षा नायक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन एवं बागवानी सहित अन्य विभागों की जिम्मेदारियां दी गईं। इस अवसर पर प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने कहा कि विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपने से उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, निर्णय लेने की योग्यता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

इससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए तैयार होते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, धनेश्वरी यादव, सहायक शिक्षिकाएं रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू एवं इंदुलता पाटिल ने सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाई। वहीं संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहकर निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन किया।

### यदु परिवार ने स्कूल में न्योता भोज कराया

**अर्जुन्दा।** ग्राम मटिया अ में डीडी यदु की स्मृति में प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल में यदु परिवार द्वारा न्योता भोज कराया गया। जिसमें उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष ठाकुर, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सेन, नोखेलाल यदु, योगेश चौधरी, दुवरिका प्रधानपाठक चौधरी एवं सभी स्टाफ गंण प्रहलाद साहू, तीजू विश्वकर्मा, ब्रिजेश चौधरी, लीला चौधरी, सरपंच सुधा चौधरी, प्रीतम चौधरी, ग्रामीण जन एवं यदु परिवार से भाई जीवन यदु, दिनेश यदु, सुपुत्र देवेंद्र यदु, भवेद्र यदु, अनिल यदु, सुनील यदु, प्रंशात यदु उपस्थित थे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थी परिषद का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शिशु, बाल, किशोर एवं कन्या भारती का हुआ गठन, एआई आधारित शिक्षा पर भी दिया गया जोर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य पीएल बारले ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाए। विद्यार्थी परिषद के गठन में स्तरशह शिशु भारती, बालभारती, किशोर भारती और कन्या भारती का गठन एवं शपथ हुआ। इस अवसर पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायो, गणित के विशेषज्ञों सहित अन्य विषयों के आचार्य दीदियां उपस्थित रहे।

### बच्चो को होनहार बनाने में महती भूमिका निभाए पालक

प्राचार्य पीएल बारले ने पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है, किन्तु समर्पित और कर्तव्यनिष्ट होने पर लाभ मिलती है। संस्कारित शिक्षा केंद्र में अटलटिंकरिंग लैब, एआई पैनल से समृद्ध सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर का समर्पित एवं योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपना भाग्य संवारे। माता पिता सतत स्कूल के संपर्क में रहकर बच्चों को होनहार बनाने में अपनी मददगार भूमिका निभाए।

### अब पढ़ाई होगा बड़ा आसान

उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थी साइंस विषयों से ना घबराए विद्यालय में एआई और एटीएल जैसे आधुनिकतम सिस्टम से पढ़ाई बड़ी आसान हो जाएगी।जैसे फिल्म देखते है और स्टोरी याद हो जाती है एआई सिस्टम में पढ़ाई भी ऐसी ही याद होने लगेगी। सरलतम ढंग से अध्ययन अध्यापन करने का दूसरा नाम एआई सिस्टम है। अब बायो, गणित की पढ़ाई होगा बड़ा आसान होगा। विद्यालय में प्रवेश का लाभ जुलाई तक ही मिल पाएगा।

**शिशु भारती का गठन:** शिशु भारती अध्यक्ष रितिका, उपाध्यक्ष तन्मय, सेनापति सिद्धि, उप–सेनापति अनुराग, मंत्री भुनेश अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख पुष्कर, सांस्कृतिक प्रमुख समीक्षा जल व्यवस्था यास्मीत, क्रीड़ा प्रमुख पारस, वाहन प्रमुख पंकज ने शपथ लिया।

### बाल भारती का गठन हुआ

बाल भारती अध्यक्ष चारुशिखा, उपाध्यक्ष नितिन सोनवानी, सेनापति उमंग चंद्राकर, उप–सेनापति श्रेजल, मंत्री टेकेश्वर, वाहन प्रमुख जागृति, सांस्कृतिक प्रमुख लीमेश सागरवंशी, जल व्यवस्था प्रमुख तुषार यादव, क्रीड़ा प्रमुख प्रिया नायक, वाहन प्रमुख ऋषभ ने शपथ लिया।

### किशोर भारती का गठन

किशोर भारती अध्यक्ष कुमकुम साहू, उपाध्यक्ष निखिल चंद्राकर, सेनापति प्रभाकर, उप सेनापति विनय टंडन, मंत्री दीपांशु, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख चांदनी चंद्राकर, सांस्कृतिक प्रमुख तानिया, जल व्यवस्था प्रमुख हर्षवर्धन, क्रीड़ा प्रमुख साहित्य वाहन प्रमुख सुशांक ने शपथ लिया।

### कन्या भारती का गठन

कन्याभारती के अध्यक्ष माधवी, उपाध्यक्ष साधना, सेनापति उपासना, उप–सेनापति युनिता, मंत्री खुशी, अनुशासन प्रभारी रूपाली, सांस्कृतिक प्रभारी तन्नू ,जल व्यवस्था प्रमुख कुमकुम, क्रीडा प्रमुख चांदनी, वाहन प्रमुख तानिया ने शपथ लिया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## सर्पदंश से मृत महिला के परिजन को पंचायत ने प्रदान की सहायता राशि

**डौण्डीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजईडीह के आश्रित ग्राम बर्रापारा निवासी सविता बाई (52 वर्ष) का 24 जुलाई को सर्पदंश की घटना के बाद उपचार के दौरान 26 जुलाई की सुबह निधन हो गया। दिवंगत सविता बाई के परिवार को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत की ओर से निर्धारित 2,000 की श्रद्धांजलि सहायता राशि उनके पति शिवकुमार को प्रदान की गई। यह सहायता राशि जनपद पंचायत के सभापति उत्तम कुमार यदु एवं ग्राम पंचायत गंजईडीह के बर्रापारा वार्ड के पंच गोवर्धन यदु द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

## विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी में छात्र परिषद का गठन



**डोंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद का गठन किया गया। परिषद में चांदनी कुंभकार को शाला नायिका एवं दुर्गेश साहू को शाला नायक बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न सचिव पदों पर भी छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संस्था प्रमुख एस.आर. यादव सहित शिक्षकों की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त प्रतिनिधियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एस आर यादव, नेमीचंद बढ़ाई, एच के लेनपांडे, ममता ठाकुर, कविता कौडो, शालिनी, भुवनेश्वरी, रानू चौधरी, कविता प्रधान, निशा, तोमीन कोठारी, निधी सोनी,दीक्षारानी, शशि, प्रतीक्षा शिक्षिकाएं साथ ही निगम, पूर्णिमा समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

आयोजन

# भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित

**पुण्यतिथि पर उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण के विचारों को अपनाने का लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत रत्न, वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बालोद में भारत के 11वें राष्ट्रपति, भारत रत्न, महान वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया।

वक्ताओं में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायी शिक्षक, दूरदर्शी विचारक और सादगी के प्रतीक थे। भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनका अमूल्य योगदान रहा। अग्नि एवं पृथ्वी जैसी स्वदेशी मिसाइलों के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के कारण उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ। जिला प्रभारी संध्या परगनिया ने कहा डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक साधारण परिवार में हुआ था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति तक का गौरवपूर्ण सफर तय किया। वर्ष 2002 से 2007 तक राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया और जनता के राष्ट्रपति के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने इस अवसर पर उनके प्रेरणादायी साहित्य का भी उल्लेख करते हुए कहा उनकी प्रमुख पुस्तकें विंग्स ऑफ फायर (आत्मकथा), इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020, माय जर्नी तथा टर्निंग पॉइंट्स आज भी युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती हैं।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का संदेश सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। उनका यह भी मानना था कि यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए। उनके विचार आज भी देश के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। भाजपा परिवार ने संकल्प लिया कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति, वैज्ञानिक सोच, ईमानदारी और सेवा भावना को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला प्रभारी संध्या परगनिया, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवनसाहू, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री शीतल नायक, नरेश यदू, हरीश कटझरे, डॉ देवेंद्र महला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, पलक ठाकुर, जिला कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालोद प्रवास पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने मां गंगा मैया के दरबार में टेका माथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री बालोद प्रवास पर पहुंचे जहां उन्होने मां गंगा मैया के दरबार में हाजिरी लगाई तथा दंडवत प्रणाम कर प्रदेश की खुशहाली की मन्नत मांगी। अपने संगठनात्मक प्रवास के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय बालोद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रसिद्ध और आराध्य देवी मां गंगा मैया के मंदिर में हाजिरी लगाई।

मंदिर प्रांगण पहुंचने पर उन्होंने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ गर्भगृह के सामने साष्टांग दंडवत प्रणाम किया। उन्होंने मां गंगा मैया के चरणों में शीश नवाकर पूजा–अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। संगठन महामंत्री ने इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक यात्र के दौरान उनके साथ बालोद ठश्रच के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, आदिवासी नेता पालक ठाकुर सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जिन्होंने मां गंगा मैया की पूजा–अर्चना में भाग लिया। मंदिर के पुजारी द्वारा उन्हें रक्षा सूत्र बांधा गया और माता की चुनरी व प्रसाद भेंट किया गया।

# अभाविप गुरूर नगर इकाई का जितेंद्र शर्मा बने नगर अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बालोद के अंतर्गत नगर इकाई गुरुर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संपन्न हुई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को

■ **प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद की भूमिका पर हुआ मार्गदर्शन**

परिषद की कार्यपद्धति, संगठनात्मक दायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद की भूमिका से अवगत कराते हुए दायित्व बोध कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत सह मंत्री मानिषा राणा, जिला संयोजक दिपेश साहू, नगर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं दायित्वों का बोध कराते हुए नवदायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर इकाई गुरुर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जितेंद्र कुमार शर्मा को पुनः नगर अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया।

वहीं चैतन्य कुमार साहू को नगर मंत्री, देवेंद्र साहू, रेणुका साहू एवं अराधना साहू को नगर सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया। नगर सोशल मीडिया प्रभारी डिगेंद्र साहू, नगर राष्ट्रीय कला संयोजक देविका साहू, नगर एसएफएस प्रमुख टिमेश साहू, नगर स्टडी सर्किल प्रमुख खुशबू, नगर छात्रवास प्रमुख ताम्रध्वज, नगर विधालय प्रमुख रविकांत, नगर कार्यालय मंत्री चंद्रप्रकाश, नगर महाविद्यालय प्रमुख हिमांशु साहू, कार्यकारणी सदस्य में अनुराग कुमार, नूतन ठाकुर, रुद्र मांडवी, नितिन कुमार, अमन रात्रे, डेवेंद्र साहू, हिमांशु साहू, भीषम साहू को शामिल किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन कार्यकारिणी विद्यार्थी हित, राष्ट्रहित एवं समाजहित के कार्यों को नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ आगे बढ़ाएगी।

# छेड़िया में वैदिक परंपरा के साथ बाल संस्कार शाला का शुभारंभ, 74 बच्चों का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम छेड़िया में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ वैदिक और गुरुकुल परंपरा से किया गया। इस अवसर पर संचालक आचार्य नामदेव नीलम साहू ने बताया बाल संस्कारशाला स्कूल नहीं है जहां अंग्रेजी, गणित

■ **रविवार को दो घंटे नि :शुल्क मिलेगी संस्कार परक शिक्षा, जिले में 108 संस्कार शालाएं संचालित करने का संकल्प**

आदि विषयों की पढ़ाई होती हो अपितु संस्कार शाला मे संस्कार परक शिक्षा के दौरान बालकों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा दिया जाता है, बाल संस्कार शाला सप्ताह में केवल एक दिन रविवार को 2 घंटे चलाई जाने वाली निःशुल्क सेवा है जिसमें 10 से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं को खेल–खेल में रोचक तरीके से स्वस्थ रहने की कला, ध्यान, प्राणायाम, गुरु एवं माता–पिता का आज्ञा पालन एवं अनुशासन प्रेरणा पद कहानी जीवन जीने की कला एवं मनोरंजन खेल आदि सिखाए जाते हैं। उन्होने कहा देश में सब कुछ है, बस व्यक्ति नहीं। कहने को तो लोग बहुत हैं, जनसंख्या भी दिनों–दिन बढ़ रही है, पर खरे–परखे उच्चस्तरीय व्यक्ति नहीं हैं। आज के हिन्दुस्तान में न तो गांधी है, न सुभाष, न लोकमान्य तिलक है और न स्वामी विवेकानंद। पर हम गढ़ेंगे, युग निर्माण का आधार व्यक्ति निर्माण है, और व्यक्ति निर्माण की सबसे उपयुक्त अवस्था बाल्यावस्था है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया जा रहा है।

युवा प्रकोष्ठ गुरुर से आचार्य नरेंद्र ने बताया कि युग का निर्माण कैसे होगा व्यक्ति के निर्माण से और व्यक्ति के निर्माण कैसे होगा बाल संस्कारशाला से। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत छेड़िया तेजराम साहू थे, विशेष अतिथि ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष कोमल राम साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त शिक्षक हेमू राम साहू, प्रज्ञा मंडल छेड़िया समन्वयक संत राम साहू, गौतम साहू, सीएल सोनकातर, भागबली देवांगन, उर्मिला साहू, कृपा साहू शांतिकुंज प्रतिनिधि आचार्य नरेंद्र कुमार साहू एवं ग्रामीण परिजन उपस्थित थे। सरपंच के द्वारा यह पहल की सराहना किया गया एवं गांव में नशा से दूर हेतु बच्चों में संस्कार की परम आवश्यकता बताया। सभी बच्चों को कहानी पुस्तक, पेन एवं अतिथि को प्रज्ञा अभियान पत्रिका देकर सम्मान किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन प्रज्ञा मंडल छेड़िया एवं समस्त गायत्री परिजन के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्कारशाला में 74 बच्चों का पंजीयन किया गया। ऐसी ही पूरे बालोद जिले में 108 संस्कार शाला संचालित करने का संकल्प लिया गया है सभी संचालित बाल संस्कार शाला का पंजीयन शान्तिकुन्ज हरिद्वार के युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से किया गया है।

# रेंगाडबरी में विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, मलेरिया-डेंगू से बचाव का दिया संदेश




**डौण्डीलोहारा।** वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू एवं दस्त जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से ग्राम रेंगाडबरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को जनजागरूकता रैली निकालकर पूरे गांव में स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश दिया। रैली के दौरान बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ आकर्षक नारों एवं तख्तियों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने पानी उबालकर पिएं, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें, घर और आसपास साफ-सफाई रखें, जहां पानी रुकेगा, वहां मच्छर पनपेंगे जैसे प्रभावी नारों से ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों के उत्साह और जागरूकता संदेश का ग्रामीणों ने भी स्वागत किया तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का संकल्प लिया।

■ **स्वास्थ्य विभाग और विद्यालय की संयुक्त पहल**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि वर्षा ऋतु में स्वच्छ पेयजल का उपयोग, भोजन को ढंककर रखना, घर के आसपास जलभराव नहीं होने देना तथा सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाकर पानी से भरे बर्तनों को खाली करने जैसी छोटी-छोटी सावधानियां गंभीर बीमारियों से बचाव में बेहद कारगर हैं। साथ ही बुखार, उल्टी-दस्त या मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच एवं उपचार कराने की अपील भी की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खेमेश्वरी टंडन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक जगीता, मितानिन खेमीनबाई, नेमीन बाई साहू, निर्मला बाई भासगौरी, पार्वती नेताम, दुरप बाई, जानकी बाई सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर ग्रामीणों तक स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी संदेश पहुंचाया।



## नवा तरिया योजना से बढ़ेगी आजीविका, ग्राम सभा में होगा स्व-सहायता समूह का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद पंचायत गुरूर की ग्राम पंचायत बोरिदकला, बालोदगहन, अर्जुनी एवं भोथली में नवा तरिया एवं आय के जरिया कार्यक्रम

■ **विकसित भारत मिशन के तहत गुरूर की चार पंचायतों में तैयार हुई कार्ययोजना**

अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आजीविका गतिविधयॉ संचालित करने एवं पौधारोपण कार्य करने हेतु कार्य योजना तैयार किया गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा 01 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू की गई विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत योजना तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बोरिदकला के नवा तरियॉ निर्माण कार्य में कच्ची नाली में बोरी से बंधान कर पानी को रोका गया है तथा तालाब को भरने का कार्य किया जा रहा है। बोरिदकला के इस तालाब में ग्रामीण औषधी पौधें का रोपण हेतु कार्य योजना तैयार किये है, आजीविका गतिविधियों के लिये 30 जुलाई को आयोजित होने वाले ग्राम सभा में समुह का चयन किया जावेगा।

# कक्षा 8 की पाठ्यपुस्तक में शामिल हुआ भावसिंह हिरवानी का निबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिष, रायपुर द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 की सहायक वाचन पुस्तक में साहित्यकार एवं

■ **'छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ' शीर्षक लेख के माध्यम से विद्यार्थी जानेंगे कबीर पंथ की परंपरा और मानवीय मूल्यों को**

चिंतक भावसिंह हिरवानी द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ शीर्षक निबंध का समावेश किया गया है। जो पूरे गुरूर क्षेत्र तथा बालोद जिले के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है।

भावसिंह हिरवानी ने अपने लेख के माध्यम से छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ की समृद्ध परंपरा, संत कबीर के विचारों तथा सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया है। इस लेख के माध्यम से प्रदेश के हजारों विद्यार्थी कबीर पंथ के इतिहास, संस्कृति और सामाजिक योगदान से परिचित होंगे। किसी स्थानीय साहित्यकार की रचना का राज्य स्तरीय पाठ्यपुस्तक में शामिल होना न केवल उनकी साहित्यिक प्रतिभा का सम्मान है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि गुरूर अंचल साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। गुरूर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्य प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भावसिंह हिरवानी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी लेखनी आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और मानवीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करती रहेगी। अध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि गुरूर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है कि सतत अध्ययन, चिंतन और साहित्य सृजन के माध्यम से वे भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं। हम सभी गुरूर एवं संजारी बालोद विधानसभा के नागरिकों की ओर से भावसिंह हिरवानी को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित करते हैं। उनकी यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है।







